**कुमार देवेन्द्र प्रौज्ज्वल, उप सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिनांक–30.08.2018 को नगर पंचायत, बखरी के समीक्षात्मक बैठक की टिप्पणी :–**

---

दिनांक–30.08.2018 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश सं0–3725 / दिनांक–17.07.2018 के आलोक में नगर पंचायत, बखरी, जिला–बेगूसराय में समीक्षात्मक बैठक की गयी। विभिन्न संगठनों द्वारा सड़क जाम एवं यातायात अवरूद्ध कर दिये जाने के कारण मुख्यालय (बेगूसराय) में ही कार्यपालक पदाधिकारी, बखरी के साथ सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी।

**1. <u>हर घर नल जल निश्चय योजना</u> :–**

नगर पंचायत, बखरी क्षेत्रान्तर्गत जलापूर्ति योजना नगर पंचायत द्वारा कियान्वित की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत् 20 वार्डो में से 07 वार्डों में कुल 05 योजनाओं का टेंडर किया गया है एवं कुल 05 योजना का कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है एवं सभी योजनाओं का कार्य प्रगति पर है । प्रारंभ किये गए 05 योजनाओ में से कुल 02 योजनाओ यथा–वार्ड संख्या 02 एवं.15 का कार्य अंतिम चरण में है। वार्ड संख्या–18, 19 एवं 20 में PHED विभाग द्वारा Hand-over, Take-over के पश्चात केवल कनेक्शन कार्य प्रारंभ है तथा वार्ड संख्या–01, 02 एवं 03 में कार्य प्रारंभ किया जाना है। 05 योजनाओं से कुल 2861 परिवार लाभान्वित होगें। दो योजनाओं में बोरिंग व पाईपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा और House to House Connection का कार्य किया जा रहा है जो कि अंतिम चरण में है । निदेश दिया गया कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारंभ किया जाय। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 20 वार्डो में बचे शेष 13 वार्डो की पी0एच0ई0डी0 को Hand-over, Take-over के लिए कई बार पत्राचार किया गया है। पी0एच0ई0डी0 के द्वारा Hand-over, Take-over होते ही शेष कुल 13 वार्डो में जलापूर्ति हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

**2. <u>नाली–गली पक्कीकरण निश्चय योजना</u> :–**

नगर कार्यपालक पदाधिकारी बखरी द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत, बखरी में कुल 43 योजनाओं की निविदा निकाली जा चुकी है, जिसमें से 41 योजनाओं का कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है । कुल 37 योजनाओं का कार्य पूर्ण भी हो चुका है। 02 योजनाओं की पुनर्निविदा किया जाना है। अब तक कुल 37 पूर्ण योजनाओं से 1481 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। निदेश दिया गया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लायी जाय व अधिक से अधिक परिवारों को इस वित्तीय वर्ष में लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाय।

**3. <u>स्वच्छ भारत मिशन</u> :–**

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 04 वार्डो यथा 05, 09, 13 एवं 18 को ODF करने की प्रक्रिया अपनायी जा रही है तथा शेष वार्डो में लाभार्थीयों द्वारा IHHL का कार्य पूर्ण नही किया गया है जिसे शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। कुछ लाभुको को द्वितीय किस्त की राशि नही भेजी जा सकी है जो कि प्रक्रियाधीन है। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि

सभी लाभुकों को कैम्प का आयोजन कर नियमानुसार राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करे व शौचालय निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये।

डोर टू डोर कचड़ा प्रबंधन हेतु योजना नगर पंचायत, बखरी द्वारा बनाई गयी है। सभी 20 वार्डों में डोर टू डोर कचड़ा संग्रहण का कार्य किया जाता है जिसमें 10 वार्ड आउटसोर्सिंग ऐजेंसी एवं 10 नगर पंचायत, बखरी के सफाई कर्मीयों के द्वारा किया जाता है। डम्पिंग जोन चिन्हित करने की प्रक्रिया में है। सभी 20 वार्डों हेतु डम्पिंग जोन चिन्हित कर अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

4. **सबके लिए आवास योजना :–**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इस योजना के अन्तर्गत PHASE-I में 225 के विरूद्ध प्रथम किस्त–191, द्वितीय किस्त–77 एवं तृतीय किस्त–34, लाभुको को दिया गया है। PHASE -I में कुल 23 आवास प्रत्यर्पण किया जा चुका है। PHASE-II में 983 के विरूद्ध 51 को कार्यादेश निर्गत किया गया है, PHASE-III एवं PHASE-IV में कार्य प्रगति पर है।
स्थिति निम्न प्रकार है :–

| PHASE | Sanctioned | MIS Entry | 1st Installment | 2nd Installment | 3rd Installment |
|---|---|---|---|---|---|
| PHASE I | 225 | 191 | 191 | 77 | 34 |
| PHASE II | 983 | 772 | 0 | 0 | 0 |
| PHASE III | 1513 | 1257 | 0 | 0 | 0 |
| PHASE IV | 698 | 409 | 0 | 0 | 0 |

सबके लिए आवास योजना की प्रगति काफी खराब है। कार्यपालक पदाधिकारी को शीघ्र अपेक्षित सुधार करने एवं विशेष कैम्प आयोजित करने का निदेश दिया गया।

5. **राज्य योजना :–**

- राज्य योजना में नगर पंचायत, बखरी में 1443977/– राशि अवशेष है जिसे विभाग को वापस किया जाना है। शीघ्र राशि प्रत्यार्पित करने का निदेश दिया गया।
- राज्य योजना अन्तर्गत कोई भी योजना नगर पंचायत, बखरी में वर्त्तमान में संचालित नहीं है।
- प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु विभाग द्वारा प्रथम किस्त की राशि मो0 69,66,650/– रू0 आवंटित की जा चुकी है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गत बोर्ड की बैठक में पूर्व चयनित स्थल पर सहमति नहीं बन पायी थी, अगली बोर्ड बैठक में निर्णय कर लिया जायेगा।

6. **सम्राट अशोक भवन :–**

- सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु विभाग द्वारा प्रथम किस्त की राशि मो0 70,00,000/– रू0 आवंटित की जा चुकी है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी, बखरी को शीघ्र निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।

7. **DAY-NULM योजना :–**

नगर पंचायत, बखरी में DAY NULM के तहत् कुल 05 स्वयं सहायता समुह का गठन किया गया। विभाग द्वारा नगर पंचायत, बखरी में वर्तमान में एक भी CMMU कर्मी नही होने के कारण DAY NULM योजना में कार्य प्रगति नही हो पा रही है।

8. **होल्डिंग कर :–**

नगर पंचायत, बखरी में कुल होल्डिंग की संख्या 8792 है, जबकि वार्ड की संख्या 20 है। नगर पंचायत, बखरी में वित्तीय वर्ष 2018–19 में कुल डिमांड 6538787/– रू0 है, एवं कुल 776131/– राशि की वसूली अब तक इस वित्तीय वर्ष में की गयी है। अब तक जो कुल वसूली मात्र 11.87 प्रतिशत है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि होल्डिंग की वसूली में प्रगति लायें।

9. **प्रकाश व्यवस्था :–**

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि EESL द्वारा नगर पंचायत, बखरी में सभी 20 वार्डों हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु अबतक लाईट अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया है। विभागीय निदेश के आलोक में मरम्मति का कार्य स्थगित होने के कारण ज्यादातर लाईटों के बंद हो जाने की वजह से प्रकाश की समस्या उत्पन्न हो गयी है। शीघ्र EESL के प्रतिनिधि से कार्य योजना तैयार कर संसूचित किए जाने की आवश्वासन दिया गया।

31/8/18

उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–2183/न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक–4/9/18

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

31/8/18

उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–2183/न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक–4/9/18

प्रतिलिपिः–नोडल पदाधिकारी हर घर नल जल निश्चय योजना/नोडल पदाधिकारी स्वच्छ भारत मिशन/नोडल पदाधिकारी सबके लिए आवास योजना/नोडल पदाधिकारी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना/निदेशक, नगरपालिका प्रशासन नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/8/18

उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–2183/न०वि०एवं.आ०वि०/पटना,दिनांक–4/9/18

प्रतिलिपिः– कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत बखरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/8/18

उप सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।